INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date :**
Question bank and Grammar	**Topic-** केरल की शोभा (कविता)	**Note: Please complete your work.**

प्रश्नोत्तर

क. केरल में किन मसालों के बागान हैं?

उत्तर= केरल में इलायची, जायफल, लौंग और मिर्च के बागान हैं|

ख. केरल क्यों प्रसिद्ध है?

उत्तर= केरल नारियल की उपज, कथकली और मोहनी अट्टम नृत्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने के कारण प्रसिद्ध है|

ग. कौन-सा त्योहार केरल में नई बहार लेकर आता हैं?

उत्तर= ओणम त्योहार केरल में नई बहार लेकर आता है|

घ. तिरुअनंतपुरम कहाँ की राजधानी है?

उत्तर= तिरुअनंतपुरम केरल की राजधानी है|

ङ. केरल के प्रसिद्ध त्योहार कौन-से हैं?

उत्तर= केरल के प्रसिद्ध त्योहार पूरम पर्व और ओणम हैं|

च. "सागर तट की सुंदरता, सबका मन हर लेती है|" ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

उत्तर= ये पंक्तियाँ 'केरल की शोभा' कविता से ली गई हैं|

छ. किस क्षेत्र में केरल राज्य भारत में प्रथम स्थान पर है?

उत्तर= शिक्षा के क्षेत्र में केरल राज्य भारत में प्रथम स्थान पर है|

ज. केरल का प्रसिद्ध बंदरगाह कौन-सा है?

उत्तर= केरल का प्रसिद्ध बंदरगाह कोचीन है|

मूल्यपरक प्रश्न

* केरल में त्रिशूर पूरम पर्व और ओणम के त्योहार मनाए जाते हैं| त्योहार हमें क्या सीख देते हैं?

उत्तर= त्योहार समाज में खुशियाँ लेकर आते हैं और मेल-जोल बढ़ाते हैं| त्योहारों की उमंग में लोग अपने दुःख भूल जाते हैं| त्योहार शत्रुता का भाव मिटाते है और मिल-जुलकर रहने की सीख देते हैं|

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option ----- (Textbook)*

क. श्रीफल का भंडार कहाँ है?

केरल मुंबई दिल्ली गुजरात

ख. केरल का नृत्य कौन-सा है?

बीहू कथकली कत्थक गरबा

ग. ओणम कहाँ का पर्व है?

केरल दिल्ली राजस्थान उड़ीसा

Ans.= क. केरल ख. कथकली ग. केरल

2. सही अर्थों से मिलाइए -

Match them with correct meaning *(Textbook)*

क. Beauty	शिक्षा
ख. Education	सुंदरता
ग. Dance	पर्व
घ. Festival	नृत्य

उत्तर = क. सुंदरता ख. शिक्षा ग. नृत्य घ. पर्व

3. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (*Notebook)*

Make sentences with the help of given words.

क. केरल - केरल सुंदर प्रदेश है|

ख. उद्यान - बच्चे उद्यान में खेल रहे हैं|

ग. तट - समुद्र तट पर लोग बैठे थें|

घ. सागर - सागर में रंग-बिरंगी मछलियाँ हैं|

व्याकरण **(Grammar)** (*Notebook)*

1. दिए गए शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए| (शब्द शुद्धि)

अशुद्ध	-	शुद्ध	अशुद्ध	-	शुद्ध
भनडार	-	भंडार	सुँदरता	-	सुंदरता
मीर्च	-	मिर्च	नृतय	-	नृत्य
राषट्	-	राष्ट्र	ओनम	-	ओणम

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

आँख-	नेत्र, नयन	चंद्रमा -	चाँद, चंद्र
नया -	नवीन, नव	जंगल -	वन, कानन
गाय -	धेनु, गौ	तरु -	वृक्ष, पेड़
पुष्प -	फूल, सुमन	पक्षी -	पंछी, खग

3. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए|

खुश -	उदास	सुखी-	दुखी
कच्चे-	पक्के	बुरी-	अच्छी
शत्रु -	मित्र	नामंज़ूर-	मंज़ूर
कोमल -	कठोर	सत्य-	असत्य
अमीर -	गरीब	स्वदेश-	विदेश

4. प्रत्यय व मूल शब्दों से शब्द बनाइए|

मूलशब्द		प्रत्यय		शब्द
i) सुंदर	+	ता	=	सुंदरता
ii) ऊँचा	+	ई	=	ऊँचाई
iii) सज	+	आवट	=	सजावट
iv) राष्ट्रीय	+	ता	=	राष्ट्रीयता

v) मित्र	+	ता	=	मित्रता
vi) अपना	+	त्व	=	अपनत्व
vii) धन	+	वान	=	धनवान
viii) चित्र	+	कार	=	चित्रकार
ix) दोस्त	+	ई	=	दोस्ती
x) सुंदर	+	ता	=	सुंदरता

****